बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम

एक परिवार एक बैंक

ई जी एम
EGM

असाधारण सामान्य बैठक
Extraordinary General Meeting

प्रधान कार्यालय: "लोकमंगल", 1501, शिवाजी नगर, पुणे – 411 005.
Head Office: "Lokmangal",1501, Shivaji Nagar, Pune - 411 005.
टेली / **Tel:** 022-25511360 | ईमेल / **Email:** investor_services@mahaback.co.in
वेबसाइट / **Website:** www.bankofmaharashtra.in

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

अनुसूची / INDEX

1	नोटिस	01
2	टिप्पणियां	02
3	एजेंडा मद क्रमांक 1	11
4	Notice	29
5	Notes	30
6	Agenda Item No.1	37

असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) / Extra Ordinary General Meeting (EGM)

महत्वपूर्ण दिनांक एवं कार्यक्रम / Important Dates And Programme

कार्यक्रम / Events	दिनांक / Date
एजेंडा / Agenda	बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार बैंक के शेयरधारकों में से एक निदेशक का चुनाव To elect One Director amongst the Shareholders of the Bank pursuant to Section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970
निर्दिष्ट तिथि / Specified Date	शुक्रवार, 3 जनवरी, 2025/ Friday, 3rd January, 2025
ई-वोटिंग अवधि / E-voting period	मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 को प्रातः 09:00 बजे से गुरुवार, 23 जनवरी, 2025 को सायं 05:00 बजे तक From 09:00 a.m. on Tuesday, 21st January, 2025 till 05:00 p.m. on Thursday, 23rd January, 2025
नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / Last date for submission of nominations	गुरूवार, 9 जनवरी, 2025/ Thursday, 9th January, 2025
दिनांक और समय / Date and Time	शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 को सुबह 11.00 बजे (आईएसटी) विडियो कॉन्फरेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से Friday, 24th January, 2025 at 11.00 a.m. (IST) via Video Conferencing (VC) or Other Audio-Visual Means (OAVM)

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
प्रधान कार्यालय : "लोकमंगल", 1501, शिवाजीनगर, पुणे – 411 005

नोटिस

एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयरधारकों की असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 को सुबह 11.00 बजे (आईएसटी) विडियो कॉन्फरेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) द्वारा निम्नलिखित के लिए आयोजित की जाएगी :

विशेष व्यवसाय

मद क्रमांक. 1
शेयरधारक निदेशक का चुनाव

केन्द्र सरकार के अलावा बैंक शेयरधारकों में से **एक** निदेशक का निर्वाचन करना जो कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(i) (इसके पश्चात "अधिनियम" के रूप में संदर्भित) और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (इसके पश्चात "विनियमन अधिनियम" के रूप में संदर्भित), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 (इसके पश्चात "योजना" के रूप में संदर्भित) और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर तथा बैठकें) विनियम 2004 (इसके पश्चात "विनियम" के रूप में संदर्भित) के साथ पठित और अधिसूचनाएं क्र. दिनांक 02 अगस्त, 2019 की अधिसूचना क्र.डीबीआर. एपीपीटी. बीसी.क्र.9/29.67.001/2019-20 और दिनांक 24.11.2016 की अधिसूचना क्र.डीबीआर. एपीपीटी. बीसी.क्र.39/29.39.001/2016-17 (इसके पश्चात "भारिबैं अधिसूचनाएं" के रूप में संदर्भित) और उसमें संशोधन, भारत सरकार के दिनांक 03 सितंबर 2013 के कार्यालय ज्ञापन क्र.एफ.क्र.16/83/2013-बीओ.आई तथा दिनांक 28.04.2015 के एफ क्र.16/51/2012-बीओ.आई (भारत सरकार के वर्तमान दिशानिर्देश) और 08.07.2016 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में मीमांसा के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त मापदंडों (इसके पश्चात "भारत सरकार दिशानिर्देश"के रूप में संदर्भित) और उसमे आगे किए गए संशोधन, यदि कोई हों, के साथ पठित और निर्वाचन के पश्चात निम्नलिखित को **सामान्य संकल्प** के रूप में निर्धारित करना और पारित करना :

"प्रस्ताव किया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(i) और इसके अंतर्गत बनाई गई संगत योजना, विनियमावली और अधिसूचना तथा भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसरण में केन्द्र सरकार के अलावा बैंक शेयरधारकों में से निर्वाचित एक निदेशक को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक / मान्य दिनांक से तीन वर्षों की अवधि के लिए एतदद्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए।"

चुनाव होने पर, उपरोक्त संकल्प को सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 25 (2ए) के प्रावधानों के अंतर्गत पारित माना जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

दिनांक : 24 दिसम्बर 2024
स्थान : पुणे

(निधु सक्सेना)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

टिप्पणियां

1 बैठक में किए जाने वाले व्यवसाय संबंधी वास्तविक तथ्यों के व्याख्यात्मक विवरण यहां मद क्र. 1 में संलग्न हैं।

2 कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने 05 मई, 2022 को जारी सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 और 19 सितंबर, 2024 की परिपत्र संख्या 09/2024 सहित मई 2020 से जारी विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से 30 सितंबर 2025 तक कंपनियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) /अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से ईजीएम आयोजित करने की अनुमति दी है। तदनुसार, वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ही बैंक की ईजीएम आयोजित की जाएगी। इसलिए, सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आगामी ईजीएम में सहभाग ले सकते हैं। बैंक के प्रधान कार्यालय को ईजीएम का स्थान माना जाएगा।

3 **प्रॉक्सी की नियुक्ति :**

एमसीए परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में, चूंकि सदस्यों की भौतिक उपस्थिति समाप्त कर दी गई है, अतः प्रॉक्सी की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर्स व बैठकें) विनियम 2004 के विनियम 70 (vi) के अंतर्गत सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा ईजीएम के लिए अनुपलब्ध रहेगी। अतः प्रॉक्सी की नियुक्ति और उपस्थिति पर्ची के लिए लिखत को यहां संलग्न नहीं किया जा रहा है।

4 **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति :**

किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय, जो बैंक के शेयरधारक हैं, उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई भी व्यक्ति बैंक के शेयरधारकों की किसी भी बैठक में तब तक सहभाग लेने के लिए पात्र नहीं हो सकता या वोट नहीं दे सकता, जब तक कि वह उस बैठक के संकल्प की प्रमाणित मूल प्रति प्रस्तुत नहीं करता जो उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा ही सत्यापित हो जिसमें वह पारित किया गया हो तथा वह ई-मेल investor_services@mahabank.co.in पर शनिवार, 18.01.2025 को या उससे पहले बैंक के कार्य समापन समय अर्थात सायं 5.00 बजे तक या उससे पूर्व प्रेषित की जानी चाहिए।

5 वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में सहभाग लेने वाले शेयरधारकों की उपस्थिति को बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर्स व बैठकें) विनियम, 2004 के अंतर्गत कोरम की जांच हेतु सम्मिलित किया जाएगा।

6 उपर्युक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी के परिपत्र दिनांक 13 मई, 2022 के अनुपालन में, ईजीएम की सूचना केवल उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जा रही है, जिनके ई-मेल पते बैंक/ डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। शेयरधारक यह नोट कर सकते हैं कि बैंक का ईजीएम नोटिस बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com तथा सीडीएसएल की वेबसाइट https:www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

7 **बैंक का ईजीएम नोटिस प्राप्त करने के लिए ई-मेल आईडी पंजीकृत करने की प्रक्रिया :**

भौतिक शेयरधारकों के लिए : भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक जिनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं बैंक के आरटीए के पास अपने बैंक खाते के ब्यौरों को अद्यतित कर और अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत कर सकते हैं जिसके लिए या तो वे समुचित रूप से भरे हुए आईएसआर – 1 फॉर्म की भौतिक प्रति एमसीएस शेयर ट्रांसफर लिमिटेड, 3बी3, तीसरी मंजिल, गुंदेचा ऑनक्लेव, खैरानी रोड, साकी नाका, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400 072 पर भेज सकते हैं या helpdeskmum@mcsregistrars.com/ mparase@mcsregistrars.com पर मेल भेज सकते हैं।

डीमैट रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए : डीमटेरियलाज्ड मोड में शेयर धारित करने वाले और जिनके ई-मेल आईडी/ बैंक खाते के ब्यौरे पंजीकृत नहीं हैं ऐसे शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से अपनी संबंधित डिपॉजिटरियों के पास अपने ई-मेल पते, मोबाइल क्रमांक और बैंक खाते के ब्यौरे पंजीकृत/ अद्यतित करें।

8 चूंकि वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम का आयोजन किया जाएगा, अतः इस नोटिस में रूट मैप को संलग्न नहीं किया गया है।

9 वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में सहभाग लेने की सुविधा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से प्रदान की जाएगी। दूरस्थ ई-मतदान, वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में शामिल होने और ईजीएम में मतदान से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश एतदद्वारा अलग से दिए गए हैं।

10 सदस्य नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन कर बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व और उसके पश्चात् वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में शामिल हो सकते हैं। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में सहभाग लेने की सुविधा पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर कम से कम 1000 सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें उन बड़े सदस्यों (2% या अधिक शेयर धारित करने वाले सदस्य), प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंध समिति, लेखा परीक्षकों आदि को शामिल नहीं किया जाएगा, जिन्हें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बिना किसी प्रतिबंध के एजीएम में सहभाग लेने की अनुमति है।

11 बैंक के जिन शेयरधारकों ने बैंक/ डिपॉजिटरी/ आरटीए के साथ अपने ई-मेल को पंजीकृत नहीं कराया है, वे investor_services@mahabank.co.in / mparase@mcsregistrars.com पर ई-मेल भेजकर ईजीएम नोटिस प्राप्त कर सकते हैं।

12 **शेयरधारक निदेशक के चुनाव के लिए निर्दिष्ट तिथि (एजेंडा मद क्रमांक 1):**

केंद्र सरकार के अलावा, बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक के चुनाव में सहभाग लेने अर्थात **नामांकन करने, चुनाव लड़ने और मतदान करने** के लिए चुनाव प्रक्रिया में पात्र शेयरधारकों के निर्धारण के उद्देश्य से, **शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025** को निर्दिष्ट दिनांक, जैसा कि नोटिस में उल्लिखित है, के रूप में तय किया गया है। इस प्रकार, शेयरधारक निदेशक के चुनाव के संबंध में शेयरधारकों के मतदान अधिकार **शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025** को माने जाएंगे।

13 संयुक्त धारकों के मामले में, वह सदस्य जिसका नाम बैंक के सदस्यों के रजिस्टर के अनुसार नामों के क्रम में पहले धारक के रूप में प्रदर्शित होता है, ईजीएम में वोट देने का हकदार होगा।

14 **पैन, केवाईसी, बैंक विवरण और नामांकन प्रस्तुत करने के लिए मानदंड :**

सेबी के दिनांक 3 नवंबर, 2021 के परिपत्र क्रमांक SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/ CIR/2021/655 सेबी के परिपत्र क्रमांक SEBI/ HO/ MIRSD/ MIRSD-PoD-1/ P/ CIR /2023/37 दिनांक 16.03.2023 के अनुसार भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को अनिवार्य रूप से पैन, नामांकन विवरण प्रस्तुत करना होगा। दूसरे शब्दों में, सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों के लिए अपने संबंधित फोलियो नंबर के लिए पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तदनुसार, यह एक बार फिर दोहराया जाता है कि भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों और दावेदारों के लिए आरटीए को पैन विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

सेबी के उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार, भौतिक शेयर रखने वाले सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए फॉर्म में वैध पैन, ई-मेल पता, मोबाइल विवरण, बैंक खाता विवरण और नामांकन विवरण तुरंत बैंक/ आरटीए को प्रस्तुत करें:

क्र.	फॉर्म	उद्देश्य
1	Form ISR-1	पैन, केवाईसी विवरण दर्ज/ अद्यतित करने के लिए
2	Form ISR-2	बैंक द्वारा प्रतिभूति धारक के हस्ताक्षर की पुष्टि करने के लिए
3	Form ISR-3	नामांकन से बाहर निकलने के लिए घोषणा पत्र
4	Form SH-13	नामांकन फार्म
5	Form SH-14	नामांकन को रद्द करना या परिवर्तन (यदि कोई हो)

उक्त सभी फॉर्म आईएसआर-1, आईएसआर-2, आईएसआर-3, एसएच-13 और एसएच-14 तथा उक्त सेबी परिपत्र हमारी वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर उपलब्ध हैं।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे जल्द से जल्द नीचे दिए गए पते पर बैंक के आरटीए को सहायक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए निवेशक सेवा अनुरोध फॉर्म जमा करें:

आरटीए का विवरण:
एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड,
(यूनिट: बैंक ऑफ महाराष्ट्र)
पता: 3बी3 तीसरी मंजिल, गुंदेचा ऑनक्लेव,
खेरानी रोड, साकीनाका अंधेरी (ई), मुंबई - 400072
दूरभाष 022 - फोन: 022-28516021-22
ई-मेल : helpdeskmum@mcsregistrars.com/ mparase@mcsregistrars.com
वेबसाइट: www.mcsregistrars.com

इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में शेयर रखना
जिन शेयरधारकों के पास डी-मैट फॉर्म में शेयर हैं और जो अपना पैन, केवाईसी, बैंक विवरण और नामांकन अपडेट करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क करें।

15 बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटों के साथ संप्रेषण
शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे डी-मैट शेयरों के मामले में अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से और भौतिक शेयरों के मामले में सीधे बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को निम्नलिखित पते पर अपने पंजीकृत पते या किसी अन्य विवरण में परिवर्तन के बारे में सूचित करें:

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड,
(यूनिट: बैंक ऑफ महाराष्ट्र)
पता: 3बी3 तीसरी मंजिल, गुंदेचा ऑनक्लेव,
खेरानी रोड, साकीनाका अंधेरी (ई), मुंबई - 400072
दूरभाष 022 - फोन: 022-28516021-22
ई-मेल : helpdeskmum@mcsregistrars.com/mparase@mcsregistrars.com
वेबसाइट : www.mcsregistrars.com

16 भौतिक शेयरों को डी-मैट स्वरूप में बदलना:

सेबी ने हाल ही में सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के संबंधित प्रावधानों में संशोधन किया है जिसमें सूचीबद्ध कंपनियों को प्रतिभूतियों के अंतरण के अनुरोध को 01 अप्रैल, 2019 से स्वीकार करने से रोक दिया गया है। इसके अलावा संशोधन 2022 के माध्यम से यह अनिवार्य किया गया है कि भौतिक या डीमटेरियलाइज्ड फॉर्म में रखी गई प्रतिभूतियों का ट्रांसमिशन या ट्रांसपोजिशन केवल डीमटेरियलाइज्ड फॉर्म में ही प्रभावी होगा। इस तिथि के बाद भी जो शेयरधारक भौतिक रूप में शेयर रखते हैं, वे आगे अंतरण के लिए बैंक /इसके आरटीए के साथ शेयरों को दर्ज करने में सक्षम नहीं होंगे। शेयरधारक यदि किसी अंतरण को प्रभावी करना चाहते हैं तो उन्हें इनको अनिवार्य रूप से डी-मैट फॉर्म में परिवर्तित करने की आवश्यकता होगी। केवल भौतिक रूप में प्रतिभूतियों के प्रसारण और अंतरण के अनुरोध, आरटीए द्वारा स्वीकार किए जाएंगे।

पूर्वोक्त संशोधन को ध्यान में रखते हुए, बैंक के शेयरधारकों, जिनके पास बैंक ऑफ महाराष्ट्र के भौतिक शेयर हैं, उनसे एक बार फिर अनुरोध किया जाता है कि वे अपने शेयरों को डीमटेरियलाइज़ कर लें। शेयरधारक दो डिपॉजिटरी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड या सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में से किसी एक में, किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के जरिए, डी-मैट खाता खोल सकते हैं।

17 शेयरों के डिमटेरियलाइजेशन के लाभ :

शेयर प्रमाणपत्र के गुम होने और कटने-फटने का कोई डर नहीं, प्रतिभूतियों को धारित करने का सरल और सहज प्रकार, प्रतिभूतियों का तत्काल अंतरण, प्रतिभूतियों के अंतरण हेतु कम कागजी कार्रवाई, कम अंतरण लागत, लाभांश सीधे आपके बैंक खाते में जमा होता है।

18 अप्रदत्त / अदावाकृत लाभांश, यदि कुछ हो :

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अंतरण और अधिग्रहण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार लाभांश की कोई भी रकम जो कि अप्रदत्त लाभांश खाते को अंतरित की जाती है और उस अंतरण के दिनांक से सात वर्ष की अवधि तक अप्रदत्त/ अदावाकृत रहती है तो यह कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205 सी(1)/ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अंतर्गत स्थापित "निवेशक शिक्षण और संरक्षण निधि" (आईईपीएफ) को अंतरित की जाएगी।

उपर्युक्त प्रावधान के अनुसरण में 2014-15 से पूर्व के वित्तीय वर्षों के लिए शेष प्रदत्त/ अदावाकृत लाभांश की ऐसी सभी राशियां 'निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि' में अंतरित की गई है।

जिन शेयरधारकों ने वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए लाभांश वारंटों को भुनाया नहीं है,उन्हें सूचित किया जाता है कि उक्त पते पर बैंक के रजिस्ट्रार व शेयर अंतरण एजेंट से या पुणे में बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग से संपर्क करें।

आईईपीएफ प्राधिकारी से अदावाकृत लाभांश राशि का दावा निर्दिष्ट फॉर्म आईईपीएफ-5 में आवेदन कर और समुचित रूप से हस्ताक्षरित (बैंक के पास रिकॉर्ड किए गए नमूना हस्ताक्षर के अनुसार) इसकी भौतिक प्रति आईईपीएफ-5 में निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेजों के साथ बैंक के प्रधान कार्यालय, पुणे को भेजकर किया जा सकता है। आईईपीएफ नियम तथा अदावाकृत लाभांश का वापस दावा करने के लिए निगमित मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा विनिर्दिष्ट आवेदन फॉर्म आईईपीएफ-5 बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in और साथ ही एमसीए की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

19 मतदान अधिकार :

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अंतरण और अधिग्रहण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा समनुरूपी नए बैंक का कोई भी शेयरधारक उसके द्वारा धारित किसी भी शेयर के संबंध में बैंक के समस्त शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक से मतदान अधिकारों का इस्तेमाल करने का हकदार नहीं होगा।

विनियमों के विनियम 10 के अनुसार यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो मतदान के संदर्भ में रजिस्टर में पहले नाम वाले व्यक्ति को उसका एकल धारक माना जाएगा। यदि शेयर संयुक्तधारकों के नाम पर है तो केवल पहले नाम वाले व्यक्ति को ही बैठक में सहभाग लेने का अधिकार होगा और बैठक में केवल वही कार्यसूची मदों पर रिमोट ई-वोटिंग या वोटिंग के माध्यम से मतदान हेतु पात्र होगा।

20 ई-वोटिंग प्रक्रिया से संबंधित जानकारी व अन्य अनुदेश निम्नानुसार हैं :

i. **कार्यसूची मद क्र. 1 के लिए नियत दिनांक:**
यथासंशोधित कंपनियां (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अनुसरण में कार्यसूची मद के संबंध में शेयरधारकों का मतदान अधिकार **शुक्रवार, 03 जनवरी, 2025** को माना जाएगा।

ii. **रिमोट ई-वोटिंग :**
सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं व प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 44(1) के अनुसरण में नोटिस में वर्णित मदों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत देने में शेयरधारकों को समर्थ बनाने के लिए आपके बैंक ने सहर्ष रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है, जिसके लिए बैंक ने रिमोट ई-वोटिंग प्लैटफॉर्म प्रदान करने हेतु केंद्रीय प्रतिभूति सेवाएं (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को रिमोट ई-वोटिंग सेवाप्रदाता एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। बैंक ने मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज, ठाणे को रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया को न्यायसंगत व पारदर्शी तरीके से आयोजित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है। **रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है। निर्दिष्ट दिनांक** को बैंक के शेयर धारित करनेवाले शेयरधारक, चाहे उनके शेयर भौतिक रूप में हों या डीमटेरियलाईज्ड रूप में, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत दे सकेंगे। **मंगलवार 21 जनवरी, 2025 को सुबह 9.00 बजे से गुरूवार, 23 जनवरी, 2025 को शाम 5.00 बजे तक** सभी शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा खुली रहेगी **और इसके बाद ई-वोटिंग प्लैटफॉर्म बंद कर दिया जाएगा।**

iii. सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 09 दिसंबर, 2020 क्र.सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 के अनुसार डी-मैट मोड में प्रतिभूतियों को धारण करने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए अपने डी-मैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए वे अपने डी-मैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी अपडेट करें।

सेबी के उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार, **डी-मैट मोड में प्रतिभूतियों को धारण करने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए** ई-वोटिंग और वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने हेतु लॉग-इन का तरीका निम्नानुसार है:

शेयरधारकों का प्रकार	लॉग इन पद्धति
सीडीएसएल के साथ डी-मैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	1. जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल ईज़ी/ईज़ीएस्ट सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉग-इन कर सकते हैं। बिना किसी अतिरिक्त प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पेज पर पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। ईज़ी/ईज़ीएस्ट पर लॉगइन करने वाले उपयोगकर्ता www.cdslindia.com पर जाएं और लॉग-इन आइकन पर क्लिक करें और माय ईजी न्यू (टोकन) टैब का चयन करें। 2. सफल लॉग-इन के बाद ईज़ी/ईज़ीएस्ट उपयोगकर्ता कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे, जहां ई-वोटिंग चल रही है। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर, उपयोगकर्ता रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख सकेगा। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की प्रणाली तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सकें। 3. यदि उपयोगकर्ता ईज़ी/ईज़ीएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण करने का विकल्प सीडीएसएल की वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है और लॉग-इन पर तथा माय ईजी न्यू (टोकन) टैब पर क्लिक करें और फिर पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। 4. वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक से डी-मैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम पंजीकृत मोबाइल और ई-मेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा जैसा कि डी-मैट खाते में दर्ज है। सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता ई-वोटिंग विकल्प देखने में सक्षम होगा जहां वोटिंग चल रही है और सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की प्रणाली तक सीधे पहुंचने में भी सक्षम होगा।

शेयरधारकों का प्रकार	लॉग इन पद्धति
एनएसडीएल डिपॉज़िटरी के साथ डी-मैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	1. यदि आप पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत हैं, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसेज वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर निम्नलिखित URL टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें: https://eservices.nsdl.com। एक बार ई-सेवाओं का होम पेज लॉन्च होने के बाद, "लॉग-इन" के अंतर्गत "बेनिफिशियल ओनर" आइकन पर क्लिक करें, जो 'आईडीईएएस' सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप ई-वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "एक्सेस टू ई-वोटिंग" पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2. यदि उपयोगकर्ता आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। "आईडीईएएस पोर्टल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करें" विकल्प चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर निम्नलिखित URL टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें: https://www.evoting.nsdl.com/ । ई-वोटिंग सिस्टम का होम पेज लॉन्च होने के बाद, "लॉग-इन" आइकन पर क्लिक करें, जो 'शेयरधारक/सदस्य' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी (यानी एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डी-मैट खाता नंबर), पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, जहां आप ई-वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा।
वैयक्तिक शेयरधारक (डी-मैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले) अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से लॉग-इन करते हैं	आप ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डी-मैट खाते के लॉग-इन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉग-इन कर सकते हैं। सफल लॉग-इन के बाद, आप ई-वोटिंग विकल्प देख पाएंगे। एक बार जब आप ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो आपको सफल प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, जहां आप ई-वोटिंग सुविधा देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान या वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने और मीटिंग के दौरान वोटिंग करने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण नोट: जो सदस्य यूजर आईडी / पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगॉट यूजर आईडी और फॉरगॉट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

डिपॉजिटरी यानी सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉग-इन से संबंधित किसी भी तकनीकी मुद्दे के लिए डी-मैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क

लॉग-इन प्रकार	हेल्पडेस्क ब्यौरे
सीडीएसएल के साथ डी-मैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉग-इन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल के साथ डी-मैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉग-इन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022-48867000 और 022-24997000 पर कॉल कर सकते हैं।

ई-वोटिंग और डी-मैट फॉर्म में वैयक्तिक शेयरधारकों और भौतिक शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों के लिए वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए लॉग-इन विधि।

1. शेयरधारकों को ई-वोटिंग वेबसाइट https://www.evotingindia.com/ पर लॉग ऑन करना होगा
2. शेयरहोल्डर मॉड्यूल पर क्लिक करें।
3. अब अपना यूजर आईडी प्रविष्ट करें
   क. सीडीएसएल के लिए : 16 अंकों का लाभार्थी आईडी
   ख. एनएसडीएल के लिए : 8 अक्षरों का डीपीआईडी जिसके बाद 8 अंकों का ग्राहक आईडी
   ग. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य कंपनी के पास पंजीकृत फोलियो क्रमांक प्रविष्ट करें।
4. अगले चरण में प्रदर्शित किए अनुसार ईमेज वेरिफिकेशन प्रविष्ट करें और लॉग-इन पर क्लिक करें।
5. यदि आपने अपने शेयर डी-मैट रूप में धारित किए हैं और www.evotingindia.com पर लॉग-इन किया है तथा पहले किसी भी कंपनी की वोटिंग में वोट किया है तो आपका विद्यमान पासवर्ड उपयोग किया जाना है।
6. यदि आप पहली बार यूजर हैं तो नीचे दिए गए चरणों का अनुसरण करें:

	डी-मैट रूप और भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों के लिए
पैन (PAN)	आयकर विभाग द्वारा जारी आपका 10 अंकों का अल्फा न्यूमैरिक* पैन प्रविष्ट करें (डी-मैट शेयरधारकों के साथ ही भौतिक शेयरधारकों दोनों पर लागू) • जिन शेयरधारकों ने बैंक/आरटीए/निक्षेपी सहभागी के पास अपना पैन अद्यतन नहीं किया है उनसे अनुरोध है कि कंपनी/आरटीए अनुक्रम क्रमांक (sequence number) का उपयोग करें या कंपनी/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक ब्यौरे या जन्म दिनांक (डीओबी)	लॉग-इन करने के लिए बैंक/आरटीए के अभिलेख में या आपके डी-मैट खाते में दर्ज किए अनुसार लाभांश बैंक ब्यौरे या जन्म दिनांक (dd/mm/yyyy प्रारूप में) प्रविष्ट करें। • यदि डिपॉजिटरी या कंपनी के पास दोनों ही ब्यौरे दर्ज न किए गए हों तो कृपया लाभांश बैंक ब्यौरे फील्ड में सदस्य आईडी/ फोलियो क्रमांक प्रविष्ट करें।

i. ये ब्यौरे समुचित रूप से प्रविष्ट करने के पश्चात "सबमिट" टैब पर क्लिक करें।

ii. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य तब सीधे ही कंपनी चयन स्क्रीन पर पहुंच जाएंगे। तथापि, डी-मैट रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक अब "पासवर्ड क्रिएशन" मेनू पर पहुंचेंगे जहां उन्हें न्यू पासवर्ड फील्ड में अपना लॉग-इन पासवर्ड प्रविष्ट करना अनिवार्य है। कृपया नोट करें कि डी-मैट धारकों द्वारा इस पासवर्ड का उपयोग किसी अन्य कंपनी के, जहां वे वोट करने हेतु पात्र हों, संकल्पों के लिए वोटिंग हेतु भी उपयोग किया जा सकता है बशर्ते कि उस कंपनी ने सीडीएसएल प्लैटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग का विकल्प लिया हो। यह दृढ़तापूर्वक सिफारिश की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी भी अन्य व्यक्ति से साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने हेतु अत्यधिक सावधानी बरतें।

iii. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों के लिए ये ब्यौरे केवल इस नोटिस में शामिल संकल्पों पर ई-वोटिंग के लिए ही उपयोग किए जा सकते हैं।

iv. आपने जिस पर वोट करने का चयन किया है उस संबंधित <COMPANY NAME> के लिए ईवीएसएन पर क्लिक करें।

v. वोटिंग पृष्ठ पर आपको "रिजॉल्यूशन डिस्क्रिप्शन" दिखाई देगा और उसके सामने वोटिंग के लिए "हां/ नहीं" विकल्प होंगे। आवश्यकतानुसार हां या नहीं विकल्प का चयन करें। विकल्प हां यह प्रदर्शित करता है कि आप संकल्प को सहमति देते हैं और विकल्प नहीं यह दर्शाता है कि आप संकल्प से असहमत हैं।

vi. यदि आप संपूर्ण संकल्प ब्यौरे देखने के इच्छुक हैं तो "रिजॉल्यूशन्स फाइल लिंक" पर क्लिक करें।

vii. संकल्प का चयन करने के बाद, आपने वोट करने का निर्णय लिया है, "SUBMIT" पर क्लिक करें। एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित किया जाएगा। यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं, तो "OK" पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए, "CANCLE" पर क्लिक करें और तदनुसार अपने वोट को संशोधित करें।

viii. एक बार जब आप संकल्प पर अपने वोट को "CONFIRM" कर लेते हैं, तो आपको अपने वोट को संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ix. आप वोटिंग पेज पर "Click here to print" विकल्प पर क्लिक करके डाले गए वोट का प्रिंट भी ले सकते हैं।

x. यदि कोई डी-मैट खाताधारक लॉग-इन पासवर्ड भूल गया है तो यूजर आईडी और छवि सत्यापन कोड दर्ज करें और पासवर्ड भूल गए पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा पूछे गए विवरण दर्ज करें।

xi. अपलोड किए गए बीआर/पीओए को अपलोड करने का एक वैकल्पिक प्रावधान भी है, जो जांचकर्ता को सत्यापन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

xii. **गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों और अभिरक्षकों (कस्टोडियन्स) के लिए अतिरिक्त सुविधा - केवल रिमोट वोटिंग के लिए।**

क) गैर-वैयक्तिक शेयरधारक (अर्थात व्यक्ती, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) और अभिरक्षकों को www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करना होगा और खुद को "कॉरपोरेट" मॉड्यूल में पंजीकृत करना होगा।

ख) संस्था की मुहर और हस्ताक्षर वाले पंजीकरण फॉर्म की स्कैन कॉपी helpdesk.evoting@cdlindia.com पर ई-मेल की जानी चाहिए।

ग) लॉग-इन विवरण प्राप्त करने के बाद एडमिन लॉग-इन और पासवर्ड का उपयोग करके कम्प्लायंस यूजर बनाया जाना चाहिए। कम्प्लायंस यूजर उन खातों को लिंक करने में सक्षम होंगे, जिनके लिए वे मतदान करना चाहते हैं।

घ) लॉग-इन में जुड़े खातों की सूची स्वचालित रूप से मैप की जाएगी और किसी भी गलत मैपिंग के मामले में डीलिंक किया जा सकता है।

ङ) यह अनिवार्य है कि बोर्ड के संकल्प और मुख्तारनामा (पीओए) की एक स्कैन की हुई कॉपी, जो उन्होंने अभिरक्षक, यदि कोई हो, के पक्ष में जारी की है तो उसे जांचकर्ता द्वारा सत्यापित करने के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किया जाना चाहिए।

च) वैकल्पिक रूप से, गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों को संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार पत्र आदि को विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो वोट देने के लिए अधिकृत हैं, के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर के साथ, जांचकर्ता और कंपनी को ई-मेल पते (कंपनी द्वारा निर्दिष्ट ई-मेल पता) पर भेजना अनिवार्य है, यदि उन्होंने वैयक्तिक टैब से मतदान किया है और इसे जांचने के लिए संवीक्षक हेतु सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम में अपलोड नहीं किया है।

एजेंडा मद क्र. 1 हेतु

बैठक के दौरान वीसी/ ओएवीएम और ई-वोटिंग के माध्यम से ईजीएम में सहभाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. ईजीएम के दिन बैठक में सहभाग लेने और ई-वोटिंग की प्रक्रिया ई-वोटिंग के लिए ऊपर उल्लिखित निर्देशों के समान है।
2. बैठक में सहभाग लेने के लिए वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक वहां उपलब्ध होगा, जहां ई-वोटिंग के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों के अनुसार सफल लॉग-इन के बाद कंपनी का ईवीएसएन प्रदर्शित होगा।
3. रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने वाले शेयरधारक बैठक में सहभाग लेने के पात्र होंगे। हालांकि, वे ईजीएम में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।
4. बेहतर अनुभव के लिए शेयरधारकों को लैपटॉप/आईपैड के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
5. शेयरधारकों को बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए कैमरा अनुमति देने और अच्छी स्पीड से इंटरनेट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।
6. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल डिवाइस या टैबलेट से या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से कनेक्ट होने वाले लैपटॉप से जुड़ने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो हानि का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी प्रकार की उपरोक्त गड़बड़ियों को कम करने के लिए स्टेबल वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सिफारिश की जाती है।
7. जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना/ प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डी-मैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए बैठक से कम से कम 7 दिन पहले अग्रिम रूप से invest_services@mahabank.co.in पर अपना अनुरोध भेजकर एक वक्ता के रूप में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जो शेयरधारक ईजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते हैं, लेकिन प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे बैठक से 7 दिन पहले अपना नाम, डी-मैट खाता संख्या / फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर पर invest_services@mahabank.co.in पर भेज सकते हैं। इन प्रश्नों का कंपनी द्वारा उचित रूप से ई-मेल द्वारा उत्तर दिया जाएगा।
8. वे शेयरधारक जिन्होंने खुद को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें बैठक के दौरान केवल अपने विचार व्यक्त करने/ प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
9. केवल वे शेयरधारक, जो ईजीएम में वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से उपस्थित हैं और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे ईजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।
10. यदि ईजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा कोई वोट डाला जाता है और यदि वही शेयरधारक वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लेते हैं, तो ऐसे शेयरधारकों द्वारा डाले गए वोट को सुविधा के रूप में अमान्य माना जा सकता है। बैठक के दौरान ई-वोटिंग केवल बैठक में सहभाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है।

उन शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनका ईमेल/मोबाइल नं. कंपनी/डिपॉजिटरीज के साथ पंजीकृत नहीं हैं।

1. भौतिक शेयरधारकों के लिए - **कंपनी / आरटीए ई-मेल आईडी** पर ई-मेल द्वारा कृपया आवश्यक विवरण प्रदान करें जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई कॉपी (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी), आधार (स्व-सत्यापित स्कैन की गई आधार कार्ड की कॉपी)।
2. डी-मैट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपने संबंधित **डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP)** के साथ अपना ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर अद्यतित करें।
3. **वैयक्तिक डी-मैट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) के साथ अपना ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर अद्यतित करें, जो ई-वोटिंग करने और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।**

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ईजीएम और ई-वोटिंग में सहभाग लेने के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप helpdesk.evoting@cdlindia.com पर ई-मेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित की जा सकती हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ई-मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल करें।

21 वार्षिक साधारण बैठक में संवीक्षक :

असाधारण सामान्य बैठक में आयोजित की जानेवाली रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग दोनों ही प्रक्रियाओं के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज, ठाणे संवीक्षक का कार्य करेंगे।

22 ई-वोटिंग का परिणाम:

असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) में वोटिंग के परिणामों को रिमोट ई-वोटिंग के परिणामों से समेकित कर अध्यक्ष या उनके द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणामों की घोषणा करने के तत्काल बाद सीडीएसएल की वेबसाइट पर और बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर जारी किया जाएगा। ये परिणाम तत्काल स्टॉक एक्सचेंजों को भी प्रेषित किए जाएंगे।

व्याख्यात्मक विवरण :

एजेंडा मद क्र. 1 :

एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव :

i. बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अर्जन) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार जहां धारा 3 की उप धारा 2(बी) के खंड (सी) के अधीन निर्गम पूंजी, कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक है तो निदेशक मंडल में शेयरधारकों द्वारा उनके बीच से चयनित एक निदेशक होना चाहिए जोकि केन्द्र सरकार के निदेशक के अतिरिक्त होगा।

ii. बैंक के शेयरधारकों ने श्री प्रवीण कुमार को पहले ही शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना है, जिन्होंने 30.06.2024 को कार्यग्रहण किया है। उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक केन्द्र सरकार के अलावा शेयर धारकों के बीच से चयनित एक निदेशक की नियुक्ति हेतु पात्र है।

iii. निदेशक मंडल ने 17 दिसंबर, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में बैंक के बोर्ड में एक शेयरधारक निदेशक के इस रिक्त पद को भरने के लिए चुनाव कराने को मंजूरी दे दी है, जो कार्यग्रहण करने के दिनांक / मान्य दिनांक से 3 साल की अवधि के लिए पदभार ग्रहण करेंगे।

iv. अत: केंद्र सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न व संगत अधिनियम/ योजना/ विनियमन/ अधिसूचना/ निर्देशों के अंतर्गत उल्लिखित कार्यविधि के अनुसार, शेयरधारक (केन्द्र सरकार के अतिरिक्त) अपने नामांकन भेज सकते हैं। उम्मीदवारी हेतु सभी प्रकार से पूर्णत: भरे हुए नामांकन प्राप्त होने के बाद निदेशक मंडल की नामांकन समिति द्वारा उम्मीदवारों की पहचान की जाएगी।

विधिक प्रावधान :

निम्नलिखित तालिका में इस संबंध में विभिन्न अधिनियमों/ विनिमय/ योजना/ अधिसूचनाओं में शामिल प्रावधान प्रदर्शित किए गए हैं :

अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन -ई)	सब्सटेंशियल इंटरेस्ट
	धारा 16 (1)	सामान्य निदेशकों का निषेध
	धारा 20	इसके किसी भी निदेशकों को या उनकी ओर से किसी को ऋण या अग्रिम प्रदान करने पर प्रतिबंध
	धारा 51	समनुरूपी नए बैंक को अधिनियमों की कतिपय धाराओं की प्रयोज्यता।

अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970	धारा 3 (2ई)	मतदान करने के अधिकार पर प्रतिबंध
	धारा 9(3)(i)	शेयरधारकों द्वारा चयन किए जाने वाले निदेशकों की संख्या
	धारा 9(3ए) (ए) से (सी)	कतिपय क्षेत्रों में विशिष्ट ज्ञान
	धारा 9(3एए) और धारा 9(3 एबी)	कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि पूर्व अभिलेख, सत्यनिष्ठा और ऐसे अन्य मानदंडों के अधीन, जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक निर्धारित करे, उसे उपयुक्त तथा उचित स्थिति का व्यक्ति न माना जाए।
	धारा 9 (3बी)	चयनित निदेशक, जो कि उक्त अधिनियम की धारा 9(3ए) और 9(3 एए) की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करता, उसे हटाने का भारतीय रिज़र्व बैंक का अधिकार।
	धारा 13(2)	निष्ठा और गोपनीयता की बाध्यता
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970	खंड 9(4)	चयनित निदेशकों की कार्यालय अवधि
	खंड 10	बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने की अयोग्यता
	खंड 11	निदेशक के कार्यालय की रिक्ति
	खंड 11ए	चयनित निदेशक के कार्यालय से हटाया जाना
	खंड 11बी	चयनित निदेशक के कार्यालय की रिक्तियों को भरना
	खंड 12(8)	कतिपय व्यवस्थाओं में निदेशकों द्वारा हितों, जिनके लिए वे इच्छुक हैं, का विगोपन
बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर तथा बैठकें) विनियम, 2004	विनियम 10	संयुक्त धारकों के अधिकारों का निष्पादन
	विनियम 61	साधारण बैठक में मतदान
	विनियम 63	निदेशक आम बैठकों में चुने जाएंगे
	विनियम 64	शेयरधारकों की सूची
	विनियम 65	निर्वाचन हेतु उम्मीदवारों का नामांकन
	विनियम 66	नामांकनों की संवीक्षा
	विनियम 67	निर्वाचन से संबंधित विवाद
	विनियम 68	मतदान अधिकारों का निर्धारण
	विनियम 69	विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान
	विनियम 70	प्रॉक्सियां
आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71, मास्टर डायरेक्शन डीबीआर.एपीपीटी नंबर: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970 बैंकिंग की धारा 9(3एए) व धारा 9(3 एबी) के अनुसरण में	राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड पर चयनित निदेशकों हेतु उपयुक्त तथा उचित मानदंड
वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सं.क्र.16/83/2013-बीओ द्वारा जारी 03 सितंबर 2013 का पत्र और 25 मार्च 2015 को जारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर आधिकारिक निदेशक (एनओडी) के रूप में विचारार्थ केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त मापदंड, 28 अप्रैल,2015 के भारत सरकार के पत्र एफ.क्र. 16/51/212-बीओ-आई. और दिनांक 20 जुलाई, 2016 और उसमें अनुवर्ती संशोधन, यदि कोई हो, के साथ पठित		सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर आधिकारिक निदेशक (एनओडी) के रूप में विचारार्थ केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त मापदंड

अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
01 जुलाई 2015 का भा रि बैं मास्टर परिपत्र डीबीआर. सं.डीआईआर. बी.सी. 10/ 13.03.00/ 2015-16		निदेशकों के रिश्तेदारों को ऋण व अग्रिम प्रदान करना
सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015		स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित प्रावधान

शेयरधारकों की सुविधा के लिए विनियम अधिनियम, अधिनियम, योजना/ विनियम और साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक की 24.11.2016 की अधिसूचना क्र. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.क्र.39/29.39.001/16-17 और आरबीआई मास्टर डायरेक्शन डीबीआर.एपीपीटी.क्र.:9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 तथा भारत सरकार के 25 मार्च 2015 और 20 जुलाई 2016 के दिशानिर्देश बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर उपलब्ध होंगे, जिसे यूजर द्वारा देखा/ डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसा सारांश इच्छुक उम्मीदवारों को ई-मेल किया जाएगा जब नामांकन फॉर्मों के प्रस्तुतिकरण के लिए निर्धारित दिनांक अर्थात गुरुवार, 09 जनवरी, 2025 को या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में investor_services@mahabank.co.in पर कंपनी सचिव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पते पर अनुरोध प्राप्त हो।

क. निर्वाचन में सहभाग

विनिर्दिष्ट दिनांक अर्थात शुक्रवार 03 जनवरी, 2025 को एनएसडीएल/ सीडीएसएल द्वारा प्रदत्त किए अनुसार लाभार्थी स्वामियों/ शेयरधारकों के रजिस्टर में प्रदर्शित नामवाले शेयरधारकों को केंद्र सरकार के शेयरधारकों को छोड़कर शेयरधारकों के बीच से निदेशकों के निर्वाचन में **नामांकन करने, चुनाव लड़ने और वोट** करने का अधिकार होगा।

यह नोट किया जाए कि केंद्र सरकार निदेशक के चुनाव में सहभाग लेने हेतु पात्र नहीं है किंतु समीक्षक के रूप में ईजीएम में सहभाग ले सकते हैं।

ख. बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचन हेतु अपेक्षित अर्हता

अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार बैंक का शेयरधारक कोई उम्मीदवार तथा जो अधिनियम की धारा 9(3)(आई) के अंतर्गत निदेशक बनने का इच्छुक है, उससे निम्नानुसार अपेक्षित है -

(क) उसे निम्नलिखित विषयों में से एक या अधिक के संबंध में विशिष्ट ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए :

i. कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था
ii. बैंकिंग
iii. सहकारिता
iv. अर्थशास्त्र
v. वित्त
vi. विधि
vii. लघु उद्योग
viii. अन्य किसी भी विषय के संबंध में विशिष्ट ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव जो कि भारतीय रिजर्व बैंक के मतानुसार बैंक के लिए उपयोगी होगा।

(ख) जमाकर्ताओं के हित का प्रतिनिधित्व करता हो, या

(ग) किसानों, श्रमिकों और कारीगरों के हित का प्रतिनिधित्व करता हो

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 24 नवंबर 2016 की अपनी अधिसूचना डीबीआर. एपीपीटी.बीसी. क्र. 39/29.39.001/16-17 के माध्यम से निम्नलिखित विशेषज्ञता के क्षेत्रों को इसमें शामिल कर दिया है:

i. सूचना प्रौद्योगिकी
ii. भुगतान एवं निपटान प्रणाली
iii. मानव संसाधन
iv. जोखिम प्रबंधन और
v. व्यवसाय प्रबंधन

अधिनियम की धारा 9(3एए) और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार बैंक का शेयरधारक कोई उम्मीदवार जो कि बैंक का निदेशक बनने का इच्छुक हो उसे 'उपयुक्त और उचित' (फिट एंड प्रॉपर) स्थिति में होना चाहिए।

अधिनियम की धारा 9(3एबी) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक उपधारा 3(एए) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में 'उपयुक्त और उचित' (फिट एंड प्रॉपर) स्थिति, ऐसे निर्धारण की पद्धति, ऐसा निर्धारण किए जाने हेतु अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया तथा ऐसी कोई अन्य पद्धति जो उसमें आवश्यक या आकस्मिक मानी जा सकती हो का भी निर्धारण किया जा सकता है।

साथ ही, चुने गए निदेशक द्वारा प्रसंविदा का विलेख निष्पादित किया जाना चाहिए और उनसे यह अपेक्षित है कि इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनुसार वार्षिक घोषणा प्रस्तुत करें।

ग. बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए अयोग्यता

क. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 10 के अनुसार कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने तथा निदेशक बनने से अयोग्य ठहराया जाएगा –

(क) यदि वह किसी समय दिवालिया करार कर दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोक रखा हो या इस भुगतान से संबद्ध हो, या

(ख) यदि वह अस्वस्थ दिमाग का पाया गया हो और किसी सक्षम न्यायालय ने इस बात की घोषणा की हो, या

(ग) यदि किसी नैतिक भ्रष्टता से जुडे अपराध में किसी न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया हो, या

(घ) यदि वह भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 3 में वर्णित किसी अनुषंगी बैंक में लाभ का पद धारित करता है, किंतु वह बैंक के कर्मचारियों के बीच से अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3 के खंड (ङ) व (च) के अंतर्गत नामित निदेशकों और प्रबंध निदेशक को सम्मिलित करते हुए पूर्णकालिक निदेशक का पद छोड़कर पद धारित करता है।

(ङ) यदि वह भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई मास्टर डायरेक्शन डीबीआर.एपीपीटी नंबर 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 और आरबीआई अधिसूचना संख्या डीबीआर. एपीपीटी.बीसी.क्र.39/ 29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2016 और भारत सरकार के दिशानिर्देश क्रमांक एफ.क्र..16/51/2012-बीओ.आई दिनांक 28 अप्रैल 2015 और दिनांक 26 जुलाई , 2016 दिनांक 03 सितंबर 2013 के ओएम के साथ पठित अधिसूचना के अनुसार बैंक के निदेशकों की नामांकन समिति द्वारा "उचित और उपयुक्त" व्यक्ति नहीं पाया जाता है।

घ. शेयरधारकों की सूची

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर एवं बैठकें) विनियम 2004 के विनियम 64 के प्रावधानों के अनुसार शेयरधारकों की सूची (इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप यथा सीडी अथवा अन्य कोई माध्यम से) निवेशक सेवाएं विभाग, प्रधान कार्यालय, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005 में शेयरधारकों द्वारा रु.10,000/- (रुपए दस हजार केवल) के पूर्व भुगतान पर सीडी पर सॉफ्ट कॉपी के रूप में तथा इसकी मुद्रित प्रति **'बैंक ऑफ महाराष्ट्र'** के पक्ष में पुणे में देय अनुसूचित बैंक के रु.50,000 (रुपए पचास हजार केवल) के मांग ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर के द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 से उपलब्ध की जाएगी।

उक्त सूची को खरीदने वाले इच्छुक उम्मीदवार सीएफओ व महाप्रबंधक, निवेशक सेवाएं विभाग, प्रधान कार्यालय, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005 को संबोधित पत्र अथवा investors_services@mahabank.co.in मेल द्वारा अनुरोध करेंगे तथा यह घोषणा भी देंगे कि इस सूची का उपयोग चुनाव के प्रचार हेतु किया जाएगा तथा किसी अन्य प्रयोजनों के लिए इसका उपयोग नहीं किया जाएगा।

ङ. शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण

शेयरधारकों के रजिस्टर का शेयरधारकों द्वारा निरीक्षण करने हेतु यह रजिस्टर बैंक के प्रधान कार्यालय में निवेशक सेवाएं विभाग, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005 में सभी कार्य दिवसों (दूसरे और चौथे शनिवार तथा रविवार एवं बैंक अवकाश को छोड़कर) को प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा ताकि प्रत्याशी शेयरधारकों के रजिस्टर के किसी भी भाग का उद्धरण प्राप्त कर सकें। जो शेयरधारक शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण करने के इच्छुक हैं, उन्हें निरीक्षण के दिन से कम से कम एक कार्य दिवस पहले investor_services@mahabank.co.in पर और 020 - 25511360 पर बैंक के कंपनी सचिव को सूचित करना आवश्यक है।

यदि कोई शेयरधारक प्रतिलिपि अथवा चुने हुए भाग/ अंश के कम्प्यूटर प्रिंट की मांग करता है तो उसे रु.5/- प्रति 1,000 शब्द अथवा उसके अनुपात में भुगतान करने पर वह उपलब्ध की जाएगी।

च. चुनाव हेतु उम्मीदवारों का नामांकन

विनियमावली के विनियम 65 के संदर्भ में, भारतीय रिज़र्व बैंक मास्टर निर्देश डीबीआर.एपीपीटी.क्र.9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019, आरबीआई अधिसूचना संख्या डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.क्र.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2016 और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी पत्र संदर्भ संख्या 16/83/2013-बीओ.आई दिनांक 03 सितंबर 2013 तथा 28 अप्रैल, 2015 और 26 जुलाई 2016 (भारत सरकार के दिशानिर्देश) को जारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एनओडी के रूप में विचार के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड और विभिन्न अधिनियमों/दिशानिर्देशों/निर्देशों के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, निदेशक के रूप में चुनाव के लिए एक उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार किया जाएगा बशर्ते:

(क) वह शेयरधारक है तथा शुक्रवार दिनांक 3 जनवरी, 2025 जोकि चुनाव में सहभागिता की विशिष्ट तारीख निश्चित की गई है, को उसके पास बैंक के 100 (एक सौ) से अधिक शेयर हैं तथा बैठक की तारीख तक, तत्पश्चात यदि वह चुना जाता/ जाती है तो उसका कार्यकाल समाप्त होने तक वह न्यूनतम 100 शेयर धारित करता/ करती है।

(ख) गुरूवार, दिनांक 9 जनवरी, 2025 जो कि नामांकन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख है को वह अधिनियम/ योजना/ विनियम/ भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचनाओं/ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अंतर्गत निदेशक के रूप में अयोग्य नहीं माना जाता/ जाती है।

(ग) अधिनियम के अंतर्गत निदेशक का चयन करने के लिए पात्र कम से कम एक सौ शेयरधारकों या उनके द्वारा विधिवत गठित अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित लिखित नामांकन, बशर्ते कि शेयरधारक, जो कि एक कंपनी है, द्वारा एक नामांकन उक्त कंपनी के निदेशकों के संकल्प द्वारा किया गया हो और जब यह बनाया जाए तो जिस बैठक में यह पारित हुआ हो उसके अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, निवेशक सेवाएं विभाग, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005 को प्रेषित की जाएगी और ऐसी प्रति को इस प्रकार की कंपनी की ओर से नामांकन के रूप में माना जाएगा।

(घ) शेयरधारकों (न्यूनतम 100) द्वारा वैध नामांकन पत्रों के साथ उम्मीदवार का घोषणापत्र जिसका नमूना उपलब्ध किया गया है जो कि उम्मीदवार द्वारा न्यायाधीश, दंडाधिकारी, एश्योरेन्स के रजिस्ट्रार अथवा उप-रजिस्ट्रार अथवा अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित किया जाएगा जिसमें वह घोषणा करेगा/ करेंगी कि उसने नामांकन स्वीकार किया है तथा चुनाव हेतु खड़ा होने के लिए इच्छुक है तथा उसे अधिनियम अथवा विनियामक अधिनियम अथवा योजना अथवा विनियमों अथवा भारत सरकार के लागू दिशानिर्देशों के अधीन निदेशक के रूप में अयोग्य करार नहीं दिया गया है। साथ ही, उसे अपने वैयक्तिक ब्यौरे (बायो डाटा) पर हस्ताक्षर करके यह पुष्टि करनी होगी कि उसकी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार यह ब्यौरे सत्य हैं तथा वह यह वचन भी देगा/ देगी कि यदि घोषणा करने के उपरांत इनमें कुछ परिवर्तन होता है तो वह पूर्ण रूप से संगत जानकारी यथाशीघ्र बैंक को सूचित करेगा/ करेगी।

(ङ) नामांकनपत्र एवं घोषणापत्र विनियम में निर्धारित किए अनुसार और इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूप के अनुसार हैं (यह प्रारूप बैंक की वेबसाईट www.bankofmaharashtra.in पर भी उपलब्ध है।)

उसे बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 अथवा बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 अथवा बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2004 (जिसे अब से "विनियम" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 02.08.2019 के मास्टर निर्देश क्र.डीबीओडी.क्र.बीसी.क्र.9/29.67.001/2019-20 के एवं दिनांक 24.11.2016 की अधिसूचना क्र.एपीपीटी.बीसी.क्र.39/29.39.001/2016-17 और दिनांक 20.07.2016 को जारी दिशानिर्देशों के साथ पठित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में चयन हेतु भारत सरकार द्वारा जारी 28.04.2015 के पत्र एफ.क्र.16/51/2012-बीओ-आई (एतदद्वारा "भारत सरकार के दिशानिर्देश" के रूप में संदर्भित) और उसमें आगे किए गए अन्य संशोधन, यदि कोई हो, के अंतर्गत अयोग्य करार नहीं दिया गया है।

छ. नामांकन फॉर्मों का प्रस्तुतीकरण

शेयरधारकों में से बैंक के निदेशक के चुनाव में भाग लेने के इच्छुक शेयरधारक, केन्द्र सरकार के अलावा, कृपया सूचना में संलग्न किए गए प्रपत्र में निम्नलिखित दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में, जिस पर यह विशेष रूप से लिखा गया हो **"शेयरधारक निदेशक हेतु नामांकन – ईजीएम 2025"**, कंपनी सचिव, निवेशक सेवाएं विभाग, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे – 411 005 को ईजीएम हेतु निर्धारित दिनांक से कम से कम 14 दिन पूर्व अर्थात **गुरूवार 9 जनवरी, 2025 को बैंक के कार्यसमय के समापन अर्थात सायं 5.00 बजे से पूर्व** प्रस्तुत करें।

क. विधिवत भरा हुए घोषणा फॉर्म
ख. चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र न्यूनतम एक सौ शेयरधारकों से नामांकन
ग. वैयक्तिक जानकारी, घोषणा और वचनपत्र (पीडीयू फॉर्म) और इसके साथ संबंधित दस्तावेज, विवरण पत्र यथा
   क) बायोडेटा
   ख) शैक्षिक अर्हताओं के प्रमाणपत्र
   ग) कार्य अनुभव आदि

उक्त नामांकन फॉर्म और अन्य दस्तावेज हर तरह से पूर्ण हो जिसमें कोई भी चूक होने से इसे निरस्त किया जाएगा।

ज. नामांकनों की जांच और निदेशक का निर्वाचन

(क) विनियमों में निहित शर्तों के साथ नामांकन की अनुरूपता के लिए नामांकन की जांच **शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025** को की जाएगी और यदि कोई नामांकन अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो उसके कारणों को दर्ज करने के बाद उसे खारिज कर दिया जाएगा।

(ख) वैध नामांकन तब बोर्ड/निदेशक मंडल की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) द्वारा आरबीआई निर्देशों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार जांच के अधीन होंगे। चूंकि आरबीआई के निर्देश/अधिसूचना और भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध प्रकृति में समान हैं, इसलिए बैंक उम्मीदवारों की उपयुक्त और उचित स्थिति का निर्धारण करते समय दोनों में सख्ती पर विचार कर सकता है।

(ग) बैंक नामांकन की जांच के समय या एनआरसी/बोर्ड की सलाह के अनुसार उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में अतिरिक्त जानकारी, दस्तावेज मांग सकता है।

